प्रादेशिक समाचार एकांश,

आकाशवाणी, भोपाल

**दिनांक : 16.03.2025** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री ने कहा-भारत शांति के बारे में जो बोलता है उसे ध्यान से सुनती है दुनिया।**
- **मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में कई विकास कार्यों की दी सौगातें। 200 बिस्तर वाले अस्पताल और शोर्य स्मारक का किया लोकार्पण।**
- **मऊगंज घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया दुःख। कहा-प्राणो का बलिदान देने वाले एएसआई को मिलेगा शहीद का दर्जा।**
- **प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा। 18 मार्च से कुछ संभागों में हल्की बारिश की संभावना।**

**अब समाचार विस्तार से:-**

**राज्य विधानसभा बजट सत्र**

राज्य विधानसभा के बजट सत्र में कल कई वित्तीय कार्य होंगे। वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किये गए बजट पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 2024-25 के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगो पर मतदान भी किया जाएगा। इसके अलावा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक को भी सदन में रखा जाएगा। विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और कई रिपोर्ट्स को भी सदन पटल पर रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री-रायसीना डायलॉग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2025 के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संबोधित करेंगे। 19 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम की मुख्य विषयवस्तु कालचक्र- जन, शांति और पृथ्वी है। इस कार्यक्रम के दौरान विश्व के नीति निर्माता और चिंतक कई विषयों पर विचार मंथन करेंगे। रायसीना डायलॉग के दसवें संस्करण में तकरीबन 125 देशों के प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे। कार्यक्रम में तीन हजार 500 से अधिक भागीदार व्यक्तिगत रूप से संवाद करेंगे। इसकी पूरी कार्यवाही दुनियाभर में विभिन्न डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से करोडों लोग देखेंगे।

प्रधानमंत्री पॉडकास्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारत शांति के बारे में जो भी बोलता है, दुनिया उसे सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। श्री मोदी ने एआई शोधकर्ता और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय सद्भाव में विश्वास करते हैं और शांति चाहते हैं। रूस और यूक्रेन संघर्ष पर श्री मोदी ने कहा कि इसका समाधान तब सामने जाएगा जब दोनों देश बातचीत के लिए एक साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ अनगिनत विचार-विमर्श कर सकता है लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को विचार विमर्श में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति रूस और यूक्रेन के बीच सार्थक बातचीत का अवसर उपलब्ध कराती है।

भारत और चीन के संबंधों पर श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध नए नहीं हैं बल्कि प्राचीन काल से सांस्कृतिक और सभ्यतागत रिश्ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और चीन ने एक साथ मिलकर वैश्विक कल्याण के लिए योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ अच्छे रिश्ते के लिए सारे प्रयास परिणाम नकारात्मक निकला।

मुख्यमंत्री-सुमेरू पर्वत निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासों में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। वहीं भिंड के बरासों में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ने संबोधित किया।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ बचपन, सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाए गए। खंडवा में कल से 22 मार्च तक टीकाकरण का विशेष सत्र शुरू होगा।

मुख्यमंत्री-मऊगंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। रात का तापमान भी बढ़ गया है। कल सर्वाधिक तापमान 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में दर्ज किया गया। इसके अलावा खजुराहो, शहडोल, मंडला, दमोह, छिंदवाड़ा और रतलाम में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। मौसम विभाग ने कल दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने और 18-19 मार्च को जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल, शहडोल और ग्वालियर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह और मैहर जिलों में वज्रपात के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, देवास, इंदौर, सतना सहित कई शहरों में बादल छाए हुए हैं इससे गर्मी का अहसास कम हो रहा है।

मुख्यमंत्री-राजगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्टेडियम ग्राउंड, राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 200 बिस्तरों वाले नवीन चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रैन बसेरा भवन, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल और विधि महाविद्यालय का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में शौर्य स्मारक का लोकार्पण कर राष्ट्र रक्षा में प्राण अर्पित करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाचार संक्षेप में :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हरियाणा के जमालपुर, गुरुग्राम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।
- प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने आज सिहोर के श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई गेहूं की फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित किसानों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।
- नीमच में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कल कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।
- आगरमालवा जिले में राशन प्राप्त कर रहे सभी हितग्राही परिवारों के सदस्यों की ई-केवाईसी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करवानी होगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी उचित मूल्य राशन दुकानों पर ई- केवायसी का कार्य किया जा रहा है।
- गुना जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्रां अंतर्गत बोरवेल की ड्रिलिंग होने के उपरांत उसके असफल होने या अपूर्ण रहने की दशा में बोरवेल को अनिवार्य रूप से बंद किये जाने के आदेश जारी किये।
- नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर पहले दिन कल 211 किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं। जिला उपार्जन समिति ने जिले में 115 खरीदी केंद्र बनाए हैं। इस बार गेहूं खरीदी का लक्ष्य 20 लाख क्विंटल से अधिक का रखा गया है।

....................................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब :-

(1) राज्य विधानसभा बजट सत्र

राज्य विधानसभा के बजट सत्र में कल कई वित्तीय कार्य होंगे। वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किये गए बजट पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 2024-25 के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगो पर मतदान भी किया जाएगा। इसके अलावा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक को भी सदन में रखा जाएगा। विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और कई रिपोर्ट्स को भी सदन पटल पर रखा जाएगा।

(2) मुख्यमंत्री-सुमेरू पर्वत निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासों में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। वहीं भिंड के बरासों में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ने संबोधित किया।

(3) राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ बचपन, सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाए गए। खंडवा में कल से 22 मार्च तक टीकाकरण का विशेष सत्र शुरू होगा।

(4) मुख्यमंत्री-मऊगंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है।

बाइट-मुख्यमंत्री

(5) मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। रात का तापमान भी बढ़ गया है। कल सर्वाधिक तापमान 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में दर्ज किया गया। इसके अलावा खजुराहो, शहडोल, मंडला, दमोह, छिंदवाड़ा और रतलाम में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। मौसम विभाग ने कल दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने और 18-19 मार्च को जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल, शहडोल और ग्वालियर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह और मैहर जिलों में वज्रपात के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, देवास, इंदौर, सतना सहित कई शहरों में बादल छाए हुए हैं इससे गर्मी का अहसास कम हो रहा है।

(6) मुख्यमंत्री-राजगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्टेडियम ग्राउंड, राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 200 बिस्तरों वाले नवीन चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रैन बसेरा भवन, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल और विधि महाविद्यालय का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में शौर्य स्मारक का लोकार्पण कर राष्ट्र रक्षा में प्राण अर्पित करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रादेशिक समाचार एकांश,
आकाशवाणी, भोपाल

**सांध्यकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने कहा–भारत शांति के बारे में जो बोलता है उसे ध्यान से सुनती है दुनिया।
- मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में कई विकास कार्यो की दी सौगातें। 200 बिस्तर वाले अस्पताल और शोर्य स्मारक का किया लोकार्पण।
- मऊगंज घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया दुःख। कहा–प्राणो का बलिदान देने वाले एएसआई को मिलेगा शहीद का दर्जा। और
- प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा। 18 मार्च से कुछ संभागों में हल्की बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**राज्य विधानसभा बजट सत्र**

राज्य विधानसभा के बजट सत्र में कल कई वित्तीय कार्य होंगे। वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किये गए बजट पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 2024–25 के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगो पर मतदान भी किया जाएगा। इसके अलावा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक को भी सदन में रखा जाएगा। विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और कई रिपोर्ट्स को भी सदन पटल पर रखा जाएगा।

**प्रधानमंत्री–रायसीना डायलॉग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2025 के 10वें संस्करण का उद्‌घाटन करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संबोधित करेंगे। 19 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम की मुख्य विषयवस्तु कालचक्र– जन, शांति और पृथ्वी है। इस कार्यक्रम के दौरान विश्व के नीति निर्माता और चिंतक कई विषयों पर विचार मंथन करेंगे। रायसीना डायलॉग के दसवें संस्करण में तकरीबन 125 देशों के प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे। कार्यक्रम में तीन हजार 500 से अधिक भागीदार व्यक्तिगत रूप से संवाद करेंगे। इसकी पूरी कार्यवाही दुनियाभर में विभिन्न डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से करोडों लोग देखेंगे।

**प्रधानमंत्री पॉडकास्ट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारत शांति के बारे में जो भी बोलता है, दुनिया उसे सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। श्री मोदी ने एआई शोधकर्ता और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय सद्‌भाव में विश्वास करते हैं और शांति चाहते हैं। रूस और यूक्रेन संघर्ष पर श्री मोदी ने कहा कि इसका समाधान तब सामने जाएगा जब दोनों देश बातचीत के लिए एक साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ अनगिनत विचार–विमर्श कर सकता है लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को विचार विमर्श में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति रूस और यूक्रेन के बीच सार्थक बातचीत का अवसर उपलब्ध कराती है।

भारत और चीन के संबंधों पर श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध नए नहीं हैं बल्कि प्राचीन काल से सांस्कृतिक और सभ्यतागत रिश्ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और चीन ने एक साथ मिलकर वैश्विक कल्याण के लिए योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ अच्छे रिश्ते के लिए सारे प्रयास परिणाम नकारात्मक निकला।

**बाईट– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**मुख्यमंत्री–सुमेरू पर्वत निर्माण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ–साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासों में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। वहीं भिंड के बरासों में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ने संबोधित किया।

**राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस**

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ बचपन, सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाए गए। खंडवा में कल से 22 मार्च तक टीकाकरण का विशेष सत्र शुरू होगा।

**मुख्यमंत्री–मऊगंज**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है।

**बाइट–मुख्यमंत्री**

**मौसम**

प्रदेश में गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। रात का तापमान भी बढ़ गया है। कल सर्वाधिक तापमान 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में दर्ज किया गया। इसके अलावा खजुराहो, शहडोल, मंडला, दमोह, छिंदवाड़ा और रतलाम में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। मौसम विभाग ने कल दिन–रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने और 18–19 मार्च को जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल, शहडोल और ग्वालियर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह और मैहर जिलों में वज्रपात के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, देवास, इंदौर, सतना सहित कई शहरों में बादल छाए हुए हैं इससे गर्मी का अहसास कम हो रहा है।

**मुख्यमंत्री–राजगढ़**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्टेडियम ग्राउंड, राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 200 बिस्तरों वाले नवीन चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रैन बसेरा भवन, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल और विधि महाविद्यालय का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में शौर्य स्मारक का लोकार्पण कर राष्ट्र रक्षा में प्राण अर्पित करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हरियाणा के जमालपुर, गुरुग्राम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।
- प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने आज सिहोर के श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई गेहूं की फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित किसानों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।
- नीमच में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कल कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।
- आगरमालवा जिले में राशन प्राप्त कर रहे सभी हितग्राही परिवारों के सदस्यों की ई–केवाईसी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करवानी होगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी उचित मूल्य राशन दुकानों पर ई– केवायसी का कार्य किया जा रहा है।
- गुना जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्रां अंतर्गत बोरवेल की ड्रिलिंग होने के उपरांत उसके असफल होने या अपूर्ण रहने की दशा में बोरवेल को अनिवार्य रूप से बंद किये जाने के आदेश जारी किये।
- नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर पहले दिन कल 211 किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं। जिला उपार्जन समिति ने जिले में 115 खरीदी केंद्र बनाए हैं। इस बार गेहूं खरीदी का लक्ष्य 20 लाख क्विंटल से अधिक का रखा गया है।

…………………………………